# सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा की "झण्डा दिवस निधि"
# का अंकेक्षण एंव निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 4/2009 से 03/2013

1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

संख्या द्वारा अवधि 3/09 तक के गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों को वर्तमान अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नही किया गया जिसके परिणामस्वरूप गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों को वर्तमान अंकेक्षण में सम्मिलित नही किया जा सका। अतः गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों को उचित स्त्रोत से प्राप्त करके तथा उनमें सम्मिलित अनिर्णीत पैरों पर उचित कार्रवाई करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

2 वर्तमान अंकेक्षणः—

सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा की "झण्डा दिवस निधि" (अवधि 4/2009 से 03/2013) का वर्तमान अंकेक्षण, श्री संदीप कमल अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनाँक 11—11—13 से 12—11—13 के दौरान उप—निदेशक कार्यालय परिसर चम्बा में किया गया। आय व व्यय की विस्तृत जाँच हेतु माह का चयन इस प्रकार किया गया।

| वित्तीय वर्ष | 2009—10 | 2010—11 | 2011—12 | 2012—13 |
|---|---|---|---|---|
| आय | 12/2009 | 12/2010 | 12/2011 | 01/2013 |
| व्यय | 04/2009 | 03/2011 | 03/2012 | 04/2012 |

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्थान के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध कर्रवाई गई सूचनाओं एंव अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नही करवाई गई है, के लिए जिम्मेवार नही होगा।

3 अंकेक्षण शुल्कः—

सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा की झण्डा दिवस निधि (अवधि 4/2009 से 3/2013) के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹1200 आंका गया। संस्थान द्वारा अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट संख्या 562406 दिनाँक 06—12—13 भारतीय स्टेट बैंक की चम्बा शाखा से बनाकर निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0 शिमला—9 को प्रेषित कर दिया गया।

4 वित्तीय स्थितिः–

संस्थान द्वारा अंकेक्षण अवधि की झण्डा दिवस निधि की वित्तीय निम्न प्रकार से प्रस्तुत की गई जिसका विस्तृत ब्यौरा परिशिष्ट "क" पर भी दिया गया है।

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष | आय | ब्याज | जोड | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2009–10** | 60687.91 | 79119 | 1299 | 141105.91 | 71569 | 69536.91 |
| **2010–11** | 69536.91 | 63277 | 1673 | 134486.91 | 71268 | 63218.91 |
| **2011–12** | 63218.91 | 187179 | 1319 | 251716.91 | 241579 | 10137.91 |
| **2012–13** | 10137.91 | 177079 | 1994 | 189210.91 | 25973 | 163237.91 |

बचत खाता संख्या 11149814114 भारतीय स्टेट बैंक चम्बा में दिनाँक 31–3–2013 को जमा राशि = ₹163237.91

5 सावधि जमा में निवेशः–

उपरोक्त के अतिरिक्त संस्थान द्वारा दिनाँक 31–3–2013 तक निम्न लिखित राशिया सावधि जमा के रूप में निवेशित की गई है जिसका विवरण परिशिष्ट "ख–1" से "ख –4" में भी दिया गया है।

| क0स0 | सावधि जमा संख्या | निवेशित राशि | निवेश की तिथि | ब्याज की दर | परिपक्वता राशि | परिपक्वता की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 867867 | 166401 | 12–03–2012 | 9.50% | 190093 | 12–08–2013 |
| 2 | 868750 | 76509 | 17–04–2012 | 9.50% | 84040 | 17–04–2013 |
| 3 | 606688 | 627969 | 22–0972012 | 8.50% | 683072 | 22–09–2013 |
| 4 | 599726 | 182374 | 22–09–2012 | 8.50% | 198377 | 22–09–2013 |
| 5 | 330562 | 45046 | 27–12–2010 | 8.25% | 57531 | 27–12–2013 |
| 6 | 867866 | 61246 | 12–03–2012 | 9.50% | 69966 | 12–08–2013 |
| 7 | 868969 | 35149 | 19–05–2012 | 9% | 38421 | 19–05–2013 |
| 8 | 962689 | 59946 | 22–03–2013 | 8.75% | 70787 | 22–02–2014 |
| 9 | 417186 | 162892 | 30–03–2013 | 8.75% | 177620 | 30–03–2014 |
| कुल राशि | | **1417532** | | | | |

6 सावधि जमा की राशि को रोकड वही में न दर्शाने बारे तथा निवेश रजिस्टर में सावधि जमा की प्रतिष्टियां सुनियोजित तरीके से न करने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान पाया कि संस्थान द्वारा निधि से समय–2 पर राशियाँ सावधि जमा के रूप में निवेश की गई थी लेकिन इन राशियाँ का निवेश करते समय इन्हे रोकड वही से व्यय के रूप क्रम कर दिया गया जो कि उचित नही था। इससे झण्डा निधि की सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित नही हो रही है तथा सावधि जमा में निवेशित राशि के दुरूपयोग की सम्भावना से भी इन्कार नही किया जा सकता है। अतः इस निधि से निवेशित राशियों को तत्काल प्रभाव से रोकड वही के अन्तिम शेष में जमा करना सुनिश्चित किया जाए ताकि निधि की सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित हो सके। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान पाया कि निधि से निवेश की राशियों की प्रविष्टियां सुनियोजित तरीके से निवेश रजिस्टर में नही की गई थी। अतः निधि से निवेशित की गई राशियों की प्रविष्टियां सुनियोजित तरीके से करनी सुनिश्चित की जाए ताकि यह पता चल सके कि कितनी राशि किस–2 अवधि के लिए कब–2 निवेश की गई थी तथा निवेश की गई राशियों को परिपक्ता पर नियमानुसार ब्याज सहित आहरित कर लिया गया अथवा इनका पुनः निवेश दिया गया है या नही?

7 सावधि जमा की राशियों पर परिपक्वता पर बैक द्वारा **T.D.S** काटने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान पाया कि सावधि जमा की गई राशियों को परिपक्वता पर बैंक द्वारा निम्न प्रकार से T.D.S की कटौती की गई थी जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित बैंक सें संम्पर्क करके सावधि जमा में निवेशित राशि में से T.D.S के रूप में की कटौती की राशि को पुनः प्राप्त करना भी सुनिश्चित किया जाए।

| क0 सं0 | सावधि जमा संख्या | निवेश की तिथि | निवेशित राशि | परिपक्वता राशि | परिपक्वता दिनाँक | वास्तविक प्राप्त राशि | **T.D.S** की कटौती |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 606688 | 22–09–10 | 542520 | 580078 | 22–09–11 | 578271 | 1807 |
| 2 | 606688 | 22–09–11 | 578271 | 633645 | 22–09–12 | 627969 | 5676 |
| 3 | 599726 | 22–09–10 | 157559 | 168466 | 22–09–11 | 167941 | 525 |
| 4 | 599726 | 22–09–11 | 167941 | 184023 | 22–09–12 | 182374 | 1649 |
| 5 | 417186 | 30–03–12 | 150.000 | 164364 | 30–03–13 | 162892 | 1472 |
| | | | | **Total T.D.S** | | | 11129 |

8 <u>झण्डा राशि प्राप्त न करने बारेः—</u>

अंकेक्षण के दौरान पाया कि उप—निदेशक सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा विभिन्न स्कूलों एवं अन्य कार्यालयों को झण्डा दिवस पर निम्नविवरणानुसार झण्डे जारी किए गये थे लेकिन स्कूलों/संस्थानों के नियन्त्रण अधिकारियों द्वारा इसके एंवज में उप—निदेशक कल्याण कार्यालय चम्बा में कोई भी राशि जमा नही करवाई गई थी और न ही उनके द्वारा झण्डे वापिस किए गए। इसके अतिरिक्त उप—निदेशक कार्यालय द्वारा भी इसकी बसूली हेतु कोई कदम नही उठाए गये।

| क0सं0 | अवधि | स्कूल/कार्यालय का नाम | जारी किए गये झण्डों की संख्या | प्राप्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2009—10 | G.S.S.S. SACHOO NALA | 200 | शुन्य |
| 2 | 2009—10 | G.S.S.S. TISSA | 200 | शुन्य |
| 3 | 2009—10 | G.H.S AIL | 150 | शुन्य |
| 4 | 2009—10 | G.H.S KUGTI (T) | 100 | शुन्य |
| 5 | 2009—10 | Distt. Controllers, Food and Supply | 20 | शुन्य |
| 6 | 2010—11 | G.S.S.S KHAJJIAR | 250 | शुन्य |
| 7 | 2010—11 | G.H.S MORTHU | 100 | शुन्य |
| 8 | 2011—12 | G.S.S.S BAKANI | 250 | शुन्य |
| 9 | 2011—12 | G.S.S.S BANIKHET | 250 | शुन्य |
| 10 | 2011—12 | G.S.S.S GOLA | 250 | शुन्य |
| 11 | 2011—12 | G.S.S.S KAKIRA | 250 | शुन्य |
| 12 | 2011—12 | G.S.S.S KHAJJIAR | 250 | शुन्य |
| 13 | 2011—12 | G.S.S.S TISSA | 200 | शुन्य |
| 14 | 2011—12 | G.H.S AWAN | 200 | शुन्य |
| 15 | 2011—12 | G.H.S BALERA | 200 | शुन्य |
| 16 | 2011—12 | G.H.S BHAJOTRA | 200 | शुन्य |
| 17 | 2011—12 | G.H.S MANDHA (T) | 100 | शुन्य |
| 18 | 2011—12 | G.H.S RAJERA | 100 | शुन्य |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19 | 2011–12 | G.H.S SAHLI (T) | 100 | शुन्य |
| 20 | 2011–12 | G.H.S MORTHU | 100 | शुन्य |
| 21 | 2011–12 | G.H.S VLLANSA | 100 | शुन्य |
| 22 | 2011–12 | B.D.O TISSA | 50 | शुन्य |
| 23 | 2012–13 | G.S.S.S GAROLA | 250 | शुन्य |
| 24 | 2012–13 | G.S.S.S JHAJJA KOTHI | 300 | शुन्य |
| 25 | 2012–13 | G.S.S.S KAKIRA | 250 | शुन्य |
| 26 | 2012–13 | G.S.S.S KILLAR | 250 | शुन्य |
| 27 | 2012–13 | G.S.S.S LOHTIKRI | 850 | शुन्य |
| 28 | 2012–13 | G.S.S.S LYLH | 250 | शुन्य |
| 29 | 2012–13 | G.S.S.S SUNARA | 200 | शुन्य |
| 30 | 2012–13 | G.S.S.S SUNDLA | 200 | शुन्य |
| 31 | 2012–13 | G.H.S BANETA | 200 | शुन्य |
| 32 | 2012–13 | G.H.S BHAGEI GARH | 200 | शुन्य |
| 33 | 2012–13 | G.H.S BHAJOTRA | 200 | शुन्य |
| 34 | 2012–13 | G.S.S.S SECHUNALA | 250 | शुन्य |
| 35 | 2012–13 | G.H.S DHULARA | 125 | शुन्य |
| 36 | 2012–13 | G.H.S KUTHER | 125 | शुन्य |
| 37 | 2012–13 | G.H.S NAYA GRAN | 100 | शुन्य |
| 38 | 2012–13 | G.H.S SAHLI (T) | 100 | शुन्य |
| 39 | 2012–13 | B.D.O TISSA | 50 | शुन्य |
| 40 | 2012–13 | DPO CHAMBA | 50 | शुन्य |
| 41 | 2012–13 | MANAGER, LIC | 50 | शुन्य |

अतः झण्डों के मूल्य की राशि की वसूली करनी सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक संस्थान से बिक्रय के पश्चात शेष झण्डों की संख्या का भी रिकार्ड लेकर उनका उचित उपयोग करना भी सुनिश्चित किया जाए। उपरोक्त के अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया कि विभिन्न संस्थानों को जारी किए गए झण्डों की प्रविष्टियों को नियन्त्रण अधिकारी द्वारा रजिस्टर में सत्यापित नही किया गया था जो कि अनियमित है। अतः जारी किए गए

झण्डों की प्रविष्टियाँ को समय–2 पर नियन्त्रण अधिकारी से सत्यापित करवाना सुनिश्चित किया जाए।

9 <u>लधु आपत्ति विवरणिकाः–</u> यह अलग से जारी नहीं की गई अपितु लघु–आपत्तियों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

10 <u>निष्कर्षः–</u> लेखों मे सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता / –
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल)एच(2)सी(15)(xiv)74 / 83 दिनांक, 5.4.2014,शिमला–171009.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

पंजीकृत

1 जिला सैनिक कल्याण चम्बा हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाही करके सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को प्रस्तुत करे।
2 निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय हमीरपुर (हि0प्र0)
3 उप सचिव(सामान्य प्रशासन विभाग) हिप्र0 सरकार शिमला–2
4 श्री संदीप कमल अनुभाग अधिकारी द्वारा.........

हस्ता / –
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.